| **Description Of Secured Asset:** ALL THAT PIECE AND PARCEL OF PLOT NO.151 & 152, PART OF KHASRA NO.71, HAVING BUILT UP AREA OF 2952 SQ.FT., SITUATED AT MEENAKSHI PURAM, FIROZABAD, U.P- 283203. BOUNDED BY: -EAST PLOT NO.153 WEST PLOT NO.150 NORTH: 10 FEET WIDE ROAD SOUTH: 9MTR. WIDE ROAD | | | | | | | | |

The above Loan Account(s) along with all right(s), title(s), interest(s), underlying security(ies), pledge(s) and/ or guarantee(s), including the Immovable Properties, mentioned hereinabove had been assigned to Assets Care & Reconstruction Enterprise Ltd., acting as a Trustee of various Trust mentioned clearly in column provided above.

**IMPORTANT INFORMATION REGARDING AUCTION PROCESS**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | EMD Payment through Demand Draft/RTGS/NEFT shall be made in favor of the Bank Accounts mentioned in respective column(s). | |
| 2 | Last date of submission of EMD | **One working day prior to date of auction and on or before 06:00 P.M.** |
| 3 | Place for submission of BIDs | 14TH Floor, Eros Corporate Tower, Nehru Place, New Delhi-110019 |
| 4 | Web Site for Auction and Helpline No. | https://www.bankeauctions.com/ and +91-99481-82222 |
| 5 | Contact Details | Toll-Free No.: 1800-209-2989 E-mail: auction.support@acreindia.in |
| 6 | Date & time of Inspection of the Property | As per prior appointment |
| 7 | For detailed terms and condition of the sale, please visit the website www.acreindia.in or https://www.bankeauctions.com/ | |

**Date : 19.11.2026**
**Place: GHAZIABAD / FIROZABAD (UTTAR PRADESH)**

**Sd/- Authorized Officer**
**Assets Care & Reconstruction Enterprise Ltd.**

---

**CORRIGENDUM NOTICE**

**IJYARAYS ENERGY PRIVATE LIMITED**
**Date: 18 November 2026**

With reference to the notice published on **18 November 2026** in the following newspapers:

1. **Financial Express & Jansatta – Delhi & NCR**
2. **Echo of India – Port Blair (Andaman & Nicobar Islands)**
3. **Bangla Morcha – Port Blair (Andaman & Nicobar Islands)**

It is hereby informed that in the said notice, under **Sr. No. 5 – Registered Office**, the address has been inadvertently mentioned as:

**Existing Address:**
SunSource Square, 5th Floor, Tower A, Plot A 3, 4 & 5, Club 125, Sector 125, Gautam Buddha Nagar, Noida, Uttar Pradesh – 201301.

**The correct address should be read as:**

**Revised Address:**
6th Floor, Tower B, Lotus Business Park, 107, Sector 127, Noida – 201313, Uttar Pradesh.

**All other contents, terms and conditions of the published notice shall remain unchanged.**

**Date: 18 November 2026**
**Place: Mumbai** **Sd/- Krishna Chamadia**
**Regn. No.: IBBI/IPA-001/IP-P00694/2017-2018/11220**

---

**"IMPORTANT"**

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

---

## LIC Housing Finance Limited

**LIC HFL LIC HOUSING FINANCE LTD**
**Area office-Rudrapur,3rd floor (Rear Side),Grand Plaza Plot No 19/1, Civil Lines,Nainital Road,Near Futela Hospital and Vishal Mega Mart, Rudrapur, Udham Singh Nagar (Uttarakhand)-263153**

**POSSESSION NOTICE (For Immovable Properties under Rules 8 (1))**

Where as the undersigned being the Authorized Officer of **LIC Housing Finance Limited** under the Securitization and Reconstruction of Financial Assets & Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of powers conferred under Section 13(12) read with Rule-3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued demand notice on the date mentioned against account and stated hereunder calling upon the borrowers/ guarantors/mortagagors to repay the amount mentioned in the notice being together with further interest at contractual rate on the aforesaid amount and incidental expenses, costs, charges etc. within sixty days from the date of receipt of said notice. The borrowers/guarantors/mortgagors having failed to repay the amount notice is hereby given to the borrowers/guarantors/mortgagors and the public in general that the undersigned has taken the possession of the Properties described herein below in exercise to powers conferred on him/her under section 13(4) of the said act read with the Rule-8 of the said Rules on the date mentioned hereunder. The borrowers/guarantors/mortgagors in particular and the public in general are hereby cautioned not to deal with the properties. Any dealing with the properties will be subject to the charge of **LIC Housing Finance Limited** for the amounts and interest thereon. Details of the mortgaged Properties of which the possession had been taken is as follows.

| S. No. | Borrower/Guarantor | Description of the Immovable Property | Date Of Possession | Outstanding Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **Borrower :** Mr. Veerbhan Singh S/o Mr. Meghraj Singh, **Co-Borrower:** Mrs. Rajbala Devi W/o Mr. Veerbhan Singh. **Acount No. 112200001670.** | All That Part and Parcel of Equitable Mortgaged Residential Plot on Khasra No. 68Min. Situated in Mauja Khundeshwara, Tehsil Kashipur, District Udham Singh Nagar, Area-55.76 Sq. Mtr. In the name of Mrs. Rajbala Devi W/o Mr. Veerbhan Singh, **Bounded As:-East-** Arazi Nanhi Devi, **West-** Arazi Other Person, **North-** Arazi other Person, **South-** Kachcha Rasta 20 Ft. Wide. | **13.11.2026** Symbolic Possession **Date of Demand Notice** 22.07.2026 | **Rs. 10,04,042.57** + Interest & Expenses Thereon |

**Date: 19.11.2026** **Authorised Officer, LIC Housing Finance Ltd**

---

**Mahindra FINANCE**
**Registered Office:** at Gateway Building, Appollo Bunder, Mumbai- 400 001.
**Corporate Office:** at B Wing, 3rd Floor, Agastya Corporate Park, Piramal Amiti Building, Sunder Baug Lane, Kamani Junction, Kurla West Mumbai- 400 070 .

**DEMAND NOTICE UNDER SECTION 13 (2) OF SARFAESI Act, 2002**

Whereas you the below mentioned Borrower's, Co-Borrower's, Guarantor's and Mortgagors have availed loans from **Mahindra and Mahindra Financial Services Ltd** by mortgaging your immovable properties. Consequent to default committed by you all, your loan account has been classified as Non-performing Asset, whereas **Mahindra and Mahindra Financial Services Ltd** being a secured creditor under the Act, and in exercise of the powers conferred under section 13(2) of the said Act read with rule 2 of Security Interest (Enforcement) Rules 2002, issued **Demand notice** calling upon the Borrower's/Co-Borrower's/ Guarantor's/Mortgagors as mentioned in column No.1 to repay the amount mentioned in the notices with future interest thereon within 60 days from the date of notice.

| Name of Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor/Mortgagor | Loan Account No. & Loan Amount | Details of the Security to be enforced | Date of NPA & Demand Notice date | Amount Due in Rs..../- As on |
|---|---|---|---|---|
| **1. Crown Telecom (Borrower) 2. Mr. Saif (Co-Borrower 1) 3. Mrs. Reshma Siddiqi (Co-Borrower 2)** | **Sanction Letter bearing Ref.No :** 9403699 **Date:** 24.04.2023 **Loan No. /Contract No.** ISBLREP23364827 **Loan amount Rs.24,43,275/-** (Rupees Twenty-Four Lakh Forty-Three Thousand Two Hundred and Seventy-Five Only) | **Mortgaged Immovable Property details: ITEM NO-1 –** All the piece and parcel of Commercial Property/Shop having Pukhta Nagarpalika No.49 & Part of No.50, on the First Floor, admeasuring 16.11 Sq. Yrds i.e. 13.47 Sq. Meters, situated at Mohalla Veyarganj City Muzaffarnagar (City Center) Pargana & Tehsil & District Muzaffarnagar, Uttar Pradesh. **Bounded as follows: On or Towards East by : -** 9'10"/ Rasta 15'Wide (Common Passage), **On or Towards West by : -** 9'10"/ Aara Machine, **On or Towards North by: -** 14'9"/ Shop of Sh. Sandeep ji, **On or Towards South by: -** 14'9"/ Shop of Kalyan ji sadi wale. | **Date of NPA:** 08.11.2026 **Demand Notice Date:** 13.11.2026 | **Rs.21,58,106/-** (Rupees Twenty One Lakh Fifty Eight Thousand One Hundred and Six Only) **as on 12th November 2026** |

Notice is therefore given to the Borrower/ Co-Borrower/ Guarantor & Mortgagor as mentioned in Column No.1, calling upon them to make payment of the aggregate amount as shown in column No.5, against all the respective Borrower/ Co-Borrower within 60 days of Publication of this notice as the said amount is found payable in relation to the respective loan account as on the date shown in Column No.5. It is made clear that if the aggregate amount together with future interest and other amounts which may become payable till the date of payment, is not paid, **Mahindra and Mahindra Financial Services Ltd** shall be constrained to take appropriate action for enforcement of security interest upon properties as described in Column No.3. Please note that this publication is made without prejudice to such rights and remedies as are available to **Mahindra and Mahindra Financial Services Ltd** against the Borrower's/ Co-Borrower's/ Guarantor's/ Mortgagors of the said financials under the law, you are further requested to note that as per section 13(13) of the said act, you are restrained/ prohibited from disposing of or dealing with the above security or transferring by way of sale, lease or otherwise of the secured asset without prior consent of Secured Creditor. The Borrower's attention is invited to provisions of sub-section (8) of section 13 of the Act, in respect of time available, to redeem the secured assets.

**Date: 19.11.2026**
**Place: Muzaffarnagar, Uttar Pradesh**

**Sd/- Authorised Officer**
**Mahindra and Mahindra Financial Services Ltd.**

# नोएडा के सेक्टर-25ए में वैश्विक कारोबार केंद्र बनाने की तैयारी

## पांच लाख वर्गमीटर जमीन पर विकसित किया जाएगा बिजनेस पार्क

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 नवंबर।

शहर के बीचों-बीच सेक्टर-25ए में तकनीक और कारोबार का बड़ा केंद्र विकसित करने की तैयारी है। पांच लाख वर्गमीटर जमीन पर बिजनेस पार्क विकसित किया जाएगा। जहां कृत्रिम मेधा, आइटी और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) से जुड़ी कंपनियों को जगह मिलेगी। बिजनेस पार्क में कारोबार करने वाली कंपनियों को जमीन 45 साल के पट्टे (लीज) पर दी जाएगी, जिसे अगले 45 साल बढ़ाने का प्रावधान होगा।

इस महत्वाकांक्षी परियोजना के पहले चरण में दो लाख वर्गमीटर जमीन आबंटित करने का लक्ष्य है। जिसे डेवलपर डिजाइन, निर्माण, वित्त पोषण और संचालन (डीबीएफओटी) प्रारूप पर विकसित किया जाएगा। इसमें जमीन का फर्स्ट राइट यानी मालिकाना हक नोएडा प्राधिकरण के पास रहेगा। योजना के तहत बिजसेन पार्क में एक लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल का व्यवसायिक उपयोग किया जाएगा। नोएडा में मौजूदा 90 साल के पट्टे की जगह इस परियोजना में पहला पट्टा 45 साल के लिए होगा। नोएडा सीईओ कृष्णा करुणेश ने बताया कि बिजनेस पार्क की योजना जल्द जारी करने की तैयारी है। बिजनेस पार्क परियोजना के मुख्य विकासकर्ता (मास्टर डेवलपर) का चयन ई-निविदा से किया जाएगा।

*योजना* के तहत बिजसेन पार्क में एक लाख वर्गमीटर क्षेत्रफल का व्यवसायिक उपयोग किया जाएगा। नोएडा में मौजूदा 90 साल के पट्टे की जगह कंपनियों को जमीन 45 साल के पट्टे (लीज) पर दी जाएगी, जिसे अगले 45 साल बढ़ाने का प्रावधान होगा।

### मायावती शासनकाल में वेव समूह को आबंटित की गई थी यह जमीन

गौरतलब है कि सेक्टर-25ए की जमीन मायावती शासनकाल में वेव इंफ्राटेक को आबंटित की गई थी। वेव ने पीएसपी नीति के तहत जमीन नोएडा प्राधिकरण को वापस कर दी थी। अब नोएडा ने जमीन के बेहतर इस्तेमाल करने के लिए बिजनेस पार्क की योजना बनाई है। आइटी और तकनीकी कंपनियों के यहां आने से यहां बड़ी संख्या में रोजगार पैदा होने की उम्मीद है।

# आइआइटी कानपुर के नोएडा परिसर में बनेगा डीप टेक यू-हब

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 नवंबर।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश में नवाचार, अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीक आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने की दिशा में कई महत्त्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

इसके तहत भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) कानपुर के नोएडा परिसर में 'डीप टेक यू-हब' की स्थापना एवं भवन निर्माण के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। इस परियोजना पर कुल 281.03 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी। बयान के अनुसार, इस भवन का निर्माण इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) माध्यम से कराया जाएगा और इसे 24 महीने में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 100 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। शेष वित्तीय आवश्यकता के लिए वित्त विभाग से परामर्श के बाद चरणबद्ध बजटीय प्रावधान की स्वीकृति अलग से प्राप्त की जाएगी। परियोजना में केंद्र सरकार की कोई वित्तीय भागीदारी नहीं होगी। इस परियोजना का उद्देश्य राज्य में अत्याधुनिक तकनीक और नवाचार को बढ़ावा देना है।

*निर्माण* के प्रस्ताव को मंजूरी। इस परियोजना पर कुल 281.03 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि खर्च की जाएगी।

डीप टेक यू-हब प्रदेश में नवाचार आधारित अनुसंधान और अत्याधुनिक तकनीकों के विकास को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इसके माध्यम से राज्य में कार्यरत स्टार्टअप्स को आवश्यक मार्गदर्शन, तकनीकी सहयोग और दिशा-निर्देशन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे न केवल सफल स्टार्टअप्स की संख्या में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी गुणवत्ता और तकनीकी क्षमता में भी सुधार आएगा। डीप टेक यू-हब को सेक्शन-8 कंपनी के रूप में पंजीकृत संस्था के तौर पर स्थापित किया जाएगा।

## खबर कोना

### हादसे में मोटरसाइकिल सवार आइटी इंजीनियर की मौत

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 नवंबर।

नोएडा सेक्टर-63 में मंगलवार रात एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार पेड़ से टकरा गया। हादसे में मोटरसाइकिल सवार 24 वर्षीय आइटी इंजीनियर की मौत हो गई। मृतक की पहचान अमरोहा के सूर्य प्रताप विहार, आवास विकास निवासी विशाल प्रताप सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार, विशाल मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान उसके आगे कोई वाहन आ गया, उसे बचाने के चक्कर में विशाल की मोटरसाइकिल नीम के पेड़ से टकरा गई।

### नवनियुक्त सीईओ बलकार सिंह ने कार्यभार संभाला

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 18 नवंबर।

ग्रेनो के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी बलकार सिंह ने बुधवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। 2004 बैच के आइएएस अधिकारी और यूपीसीडा के सीईओ रहे बलकार सिंह ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। उन्होंने प्राधिकरण के विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा करते हुए किसानों की समस्याओं के समाधान, भूमि अधिग्रहण, विकास कार्यों की गुणवत्ता, साफ-सफाई और शहर की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

### तीन दिन से लापता युवक का शव कमरे में मिला

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 नवंबर।

नोएडा के थाना फेज-2 क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सेक्टर-80 के ककराला गांव में तीन दिन से लापता 20 वर्षीय हसीन का शव बुधवार सुबह पुस्ते के नीचे बने एक सुनसान और खाली कमरे से बरामद हुआ। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के अंतर्गत आने वाले बझेड़ा कलां गांव के रहने वाले हसीन के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और उसकी एक आंख भी गायब थी। परिजनों ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। स्थानीय पुलिस और फारेंसिक टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### स्वदेशी रोबोट से धड़कते दिल की सफल सर्जरी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 नवंबर

भारत ने रोबोटिक हृदय सर्जरी के क्षेत्र में एक बड़ी वैश्विक उपलब्धि हासिल की है। स्वदेशी तकनीक से विकसित सर्जिकल रोबोट की मदद से पहली बार धड़कते दिल पर पूरी तरह रोबोटिक एंडोस्कोपिक कोरोनरी आर्टरी बाईपास सर्जरी सफलतापूर्वक की गई है। इस सर्जरी की खासियत यह रही कि मरीज के दिल की धड़कन को रोके बिना पूरी प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। इस उपलब्धि की जानकारी मेदांता के मिनिमली इनवेसिव कार्डियक सर्जन डा नितिन कुमार राजपूत और मणिपाल अस्पताल के मुख्य कार्डियक सर्जन डा ललित मलिक ने संयुक्त रूप से आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी।

# आजम खां डासना जेल से रिहा, समर्थकों ने किया स्वागत

जनसत्ता संवाददाता
गाजियाबाद, 18 नवंबर।

करीब ग्यारह महीने तक सलाखों के पीछे रहने के बाद समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को बुधवार शाम गाजियाबाद की डासना जेल से रिहाई मिल गई।

*31* अक्तूबर को रामपुर जेल से आए थे बाहर।

उनकी रिहाई का परवाना शाम करीब साढ़े चार बजे जेल पहुंचा, जिसके बाद कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए उन्हें लगभग साढ़े छह बजे बाहर लाया गया। जेल से बाहर आते ही उनका स्वागत करने के लिए रामपुर और आसपास के जिलों से पहुंचे करीब 500 से अधिक समर्थक मौजूद थे। इस दौरान उनके दोनों बेटे अदीब और अब्दुल्ला तथा उनकी मुंहबोली बेटी एकता कौशिक भी जेल परिसर में उपस्थित रहे। इससे पहले, बीते 31 अक्तूबर को भी आजम खान रामपुर जेल से बाहर आए थे, लेकिन प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्हें तत्काल गिरफ्तार कर लिया था, जिसके बाद से वह डासना जेल में बंद थे। इस रिहाई से कुछ घंटे पहले बुधवार सुबह ईडी ने उनकी अंतरिम जमानत को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की गुहार लगाई थी। हालांकि, शीर्ष अदालत ने इस पर नाराजगी जताते हुए ईडी के वकील को फटकार लगाई और टिप्पणी की कि जल्दबाजी की कोई आवश्यकता नहीं है, आजम को जमानत पर रहने दिया जाए।

### सोनिया गांधी की नागरिकता विवाद मामला

# अदालत ने पुलिस से मांगी कार्रवाई रिपोर्ट

नई दिल्ली, 18 नवंबर (भाषा)।

दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को पुलिस से उस शिकायत पर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट (एटीआर) मांगी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी का नाम 1983 में उन्हें भारतीय नागरिकता मिलने से तीन साल पहले ही मतदाता सूची में शामिल कर लिया गया था।

अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद जोशी ने पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी और मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर के लिए निर्धारित की। इस संबंध में अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हुआ है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि यह कार्रवाई एक सत्र न्यायालय के निदेशों के तहत की जा रही है। सितंबर में एक सत्र अदालत ने गांधी के खिलाफ लगे आरोपों की जांच का आदेश देने से इनकार करने के मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को रद्द कर दिया था। सत्र अदालत ने यह आदेश मजिस्ट्रेट अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली पुनरीक्षण याचिका पर दिया था। यह मामला राउज एवेन्यू अदालत की सेंट्रल दिल्ली कोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष एवं अधिवक्ता विकास त्रिपाठी की शिकायत से जुड़ा है। अदालत ने साथ ही शिकायतकर्ता की उस अर्जी को भी स्वीकार कर लिया, जिसमें 1980 और 1983 की मतदाता सूचियों की सत्यापित प्रतियों जैसे अतिरिक्त दस्तावेजों को रिकार्ड पर रखने की अनुमति मांगी गई थी।



*अतिरिक्त* मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनोद जोशी ने पुलिस से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी और मामले की अगली सुनवाई 28 नवंबर के लिए निर्धारित की। इस संबंध में अदालत का विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं हुआ है।

# बजट खर्च करने में पिछड़ा विद्युत निगम

## 12.10 करोड़ रुपए बचे, समयसीमा खत्म हुई तो वापस हो सकती है राशि

हर्ष मिश्रा
नोएडा, 18 नवंबर।

शहर की बिजली व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शासन से मिले बजट को खर्च करने में विद्युत निगम की रफ्तार धीमी नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की व्यापार योजना के तहत जिले के लिए 56.10 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए थे, लेकिन अब तक निगम महज 44 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाया है।

बजट के तहत निर्धारित 610 विकास कार्यों में से करीब 500 काम ही पूरे हो सके हैं। ऐसे में शेष 110 कार्यों को पूरा करने और बचे हुए 12.10 करोड़ रुपए खर्च करने के लिए निगम के पास अगले महीने तक का समय है। निर्धारित समयसीमा में काम पूरे नहीं होने पर बजट की शेष राशि शासन को वापस हो सकती है। व्यापार योजना के तहत दादरी में नया सबस्टेशन शुरू करने, 33 और 11 केवी के वीसीबी बदलने तथा पेड़ों की छंटाई जैसे कई कार्य पूरे किए जा चुके हैं। इसके अलावा उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने और बिजली लाइनों को मजबूत करने के लिए अलग-अलग निविदाएं भी जारी की गई हैं। इनमें 27 कार्यों के तहत ट्रांसफार्मर और क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे बदलने का काम शामिल है। हालांकि, करीब 110 कार्य अभी भी पूरे होने बाकी हैं। इस बीच, 2031 व्यापार योजना के तहत चल रही परियोजना से कुछ राहत की उम्मीद है। इसके अंतर्गत जिले में कुल 29 नए पावर हाउस बनाए जा रहे हैं, जिनका करीब 90 फीसद निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसी कड़ी में इसी महीने सेक्टर-132 का नया सबस्टेशन शुरू होने जा रहा है, जिसके बाद चरणबद्ध तरीके से अन्य पावर हाउस भी चालू कर दिए जाएंगे।

*योजना* में 33 केवी और 11 केवी उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाने, जर्जर बिजली के खंभों और तारों को बदलने, ट्रांसफार्मरों को अपग्रेड करने आदि कार्य शामिल हैं।

वहीं, गौतमबुद्ध नगर विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता (तकनीकी) विवेक कुमार पटेल का कहना है कि व्यापार योजना के जरिए शहर के बिजली नेटवर्क को लगातार मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के जो भी कार्य शेष रह गए हैं, उन्हें अगले माह तक पूरा कर लिया जाएगा।

# दादा के खाते से पौत्र ने निकाले 29.50 लाख, दोस्त संग उड़ाए

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 18 नवंबर।

दिल्ली पुलिस ने महंगे शौक, लग्जरी यात्राओं और दोस्तों के साथ पार्टियां करने के लिए नौसेना के 87 वर्षीय सेवानिवृत्त कर्मी के बैंक खाते से 29.50 लाख रुपए अवैध रूप से निकालने के आरोप में उनके पौत्र समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

*पौत्र* और उसके दोस्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार।

पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को बताया कि आरोपियों की पहचान बुलंदशहर निवासी अभिषेक राघव (22) और तुषार चौधरी (22) के रूप में हुई है। अभिषेक पीड़ित का पौत्र और शिकायतकर्ता का बेटा है, जबकि तुषार उसका सहयोगी है। पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता अश्विनी राघव ने आरोप लगाया था कि अप्रैल से अक्तूबर 2026 के बीच उनके पिता जगदीश सिंह के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर पैसे निकाले गए तथा जांच में खाते से कुल 29,50,892 रुपए की रकम निकाले जाने का पता चला। बैंक खातों के विवरण और वित्तीय लेनदेन का विश्लेषण करने पर पता चला कि ठगी की रकम में से 9,26,892 रुपए अभिषेक के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक खाते में और 20,24,000 रुपए तुषार के पंजाब नेशनल बैंक खाते में स्थानांतरित किए गए थे। अभिषेक का मोबाइल नंबर उसके दादा के खाते से जुड़ा हुआ था और उसने दोस्त तुषार के साथ मिलकर धोखाधड़ी की।


**VIKAS ECOTECH LIMITED**

CIN- L65999DL1984PLC019465
**Registered office:** Second Floor, Vikas House, 3, Arihant Nagar, Rohtak Road, Punjabi Bagh West, West Delhi, New Delhi, India, 110026
**Phone No:** 011-43144444, **Email -** info@vikasecotech.com

**STATEMENT OF STANDALONE UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30th SEPTEMBER 2026**

(All figures are in ₹ Lakhs, unless otherwise stated)

| Particulars | Quarter Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 September 2026 | 30 June 2026 | 30 September 2025 | 30 September 2026 | 30 September 2025 | 31 March 2026 |
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| Total Income | 6,112.59 | 8,915.25 | 4,769.50 | 15,027.84 | 13,225.09 | 26,782.87 |
| Total Expenses | 6,052.37 | 8,854.93 | 4,650.06 | 14,907.30 | 12,871.67 | 26,664.05 |
| Profit/(loss) before exceptional items and tax | 60.22 | 60.32 | 119.44 | 120.54 | 353.42 | 118.82 |
| Profit/(loss) before tax | 60.22 | 60.32 | 119.44 | 120.54 | 353.42 | 118.82 |
| Profit/(loss) for the period | 52.54 | 3.60 | 76.79 | 56.14 | 246.49 | 12.72 |
| Total comprehensive income | 52.04 | 2.61 | 76.92 | 54.65 | 246.90 | 15.07 |
| Paid up equity share capital (Face value of the share shall be indicated) | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 |
| Other equity excluding Revaluation Reserves | | | | | | |
| Earning per Equity Share (Equity shares of par value ₹1/- each ) | | | | | | |
| Basic / Diluted (in ₹) | 0.00 | 0.00 | 0.01 | 0.00 | 0.02 | 0.00 |

**STATEMENT OF UNAUDITED CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER 2026**

(All figures are in ₹ Lakhs, unless otherwise stated)

| Particulars | Quater Ended | | | Half Year Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 30 September 2026 | 30 June 2026 | 30 September 2025 | 30 September 2026 | 30 September 2025 | 31 March 2026 |
| | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Unaudited) | (Audited) |
| Total Income | 8,287.56 | 12,220.43 | 6,682.06 | 20,507.99 | 17,141.78 | 36,032.64 |
| Total Expenses | 8,239.42 | 11,894.12 | 6,454.91 | 20,133.54 | 16,582.94 | 35,473.83 |
| Profit/(loss) before exceptional items and tax | 48.14 | 326.31 | 227.15 | 374.46 | 558.84 | 558.81 |
| Profit/(loss) before tax | 48.14 | 326.31 | 227.15 | 374.46 | 558.84 | 558.81 |
| Profit/(loss) from Discontinued operations (after tax) | | | | | | |
| Profit/(loss) for the period | 17.30 | 199.82 | 175.42 | 217.12 | 412.42 | 313.70 |
| Total comprehensive income | 15.53 | 201.15 | 175.63 | 216.68 | 412.53 | 316.25 |
| Paid up equity share capital | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 | 13,883.56 |
| Other equity excluding Revaluation Reserves | | | | | | 25,612.57 |
| Earning per Equity Share (Equity shares of par value ₹1/- each ) | | | | | | |
| Basic/ Diluted (in ₹) | 0.00 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.03 | 0.02 |
| Diluted (in ₹) | 0.00 | 0.01 | 0.01 | 0.02 | 0.03 | 0.02 |

**Notes:**
1. The above unaudited standalone financial results have been reviewed and recommended by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting at the Registerd office held on 14th November 2026. The statutory auditor of the company has carried out limited review of the above financial results of the company for the quarter ended 30th September 2026 in term of the Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015.
2. The results of the Company are also available for investors at **www.vikasecotech.com**, **www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**

**For Vikas Ecotech Limited**
**Rajeev Kumar**
**Director**
**DIN:1027175**

**Place: New Delhi**
**Date: 14.11.2026**


# दस दिसंबर तक तैयार होगा एमपी-2 उपरिगामी मार्ग

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 18 नवंबर।

औद्योगिक महानगर के करीब दस साल पहले तैयार हुए उपरिगामी मार्ग में गड्ढा होने की वजह बेयरिंग की कमजोरी निकली है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि क्षतिग्रस्त भाग को हटाकर नए हिस्सा लगाया जाएगा। मरम्मत का काम जारी है। 10 दिसंबर तक काम पूरा होने का लक्ष्य रखा गया है।

नोएडा सीईओ कृष्णा करुणेश के मुताबिक उपरिगामी मार्ग की मरम्मत का काम आइआइटी रुड़की के इंजीनियरों की निगरानी में कराया जा रहा है। विशेषज्ञों के सुझाव पर ही क्षतिग्रस्त हिस्से को पूरा बदला जा रहा है। साथ ही मार्ग के अन्य हिस्सों की भी जांच कराई जा रही है, ताकि कहीं और ऐसी तकनीकी खामी तो नहीं है। इससे पूरे उपरिगामी मार्ग की मजबूती का आंकलन किया जा सकेगा। बता दें कि सबसे व्यस्त एमपी-2 उपरिगामी मार्ग का सेक्टर-61 से सेक्टर- 18 जाने वाला रास्ता 26 दिन से बंद है। जिस जगह पर बेयरिंग कमजोर पाई गई है, वहां के हिस्से में दरार आने से करीब 11 मीटर लंबा गड्ढा बना। मरम्मत के बाद दोबारा दो दिन बाद फिर से बड़ा गड्ढा होने से इसे यातायात सुरक्षा के मद्देनजर वाहनों के लिए बंद कर दिया गया था। करीब 435 करोड़ रुपए की लागत से 2016 में तैयार हुए उपरिगामी मार्ग को प्री-कास्ट तकनीक से बनाया गया था।

*जांच* में बेयरिंग की कमजोरी निकली मार्ग में लगातार गड्ढा बनने की वजह। *आइआइटी* की सलाह पर पूरे हिस्से को बदलने का चल रहा है काम।

**कार्रवाई** — वकीलों के खिलाफ टिप्पणी का मामला

# आपत्तिजनक पोस्ट की जांच करे केंद्र : कोर्ट

नई दिल्ली, 18 नवंबर (भाषा)।

दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार को निलंबित सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मनस्वी वशिष्ठ और एक अन्य अधिकारी के सोशल मीडिया खातों से वकीलों के खिलाफ पोस्ट की गई कथित आपत्तिजनक सामग्री की जांच कर मामले में उचित कार्रवाई करने का बुधवार को निर्देश दिया।

हाई कोर्ट अधिवक्ता करण बीर सिंह की ओर से दायर उस जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें वकीलों को डराने-धमकाने और उनके बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए वशिष्ठ और एक अन्य पुलिस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से पेश वकील ने कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश नितिन वासुदेव साम्ब्रे और न्यायमूर्ति संजय शर्मा की पीठ को बताया कि वशिष्ठ के खिलाफ पहले ही अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा चुकी है और एक आरोपपत्र मंजूरी के लिए गृह मंत्रालय को सौंप दिया गया है।




*निलंबित* एसीपी मनस्वी वशिष्ठ और दूसरे पुलिस अधिकारी के सोशल मीडिया खातों की जांच कर उचित कार्रवाई करने के दिए निर्देश।

केंद्र के वकील ने कहा कि मंत्रालय के उचित समय के भीतर आरोपपत्र पर विचार कर उसे मंजूरी देने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि इस मामले में चार हफ्ते के भीतर एक वस्तुस्थिति रिपोर्ट दाखिल की जाएगी। वशिष्ठ और उपनिरीक्षक विशाल यादव की ओर से सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे खातों के संबंध में केंद्र के वकील ने कहा कि अगर याचिकाकर्ता सामग्री उपलब्ध कराता है, तो अधिकारी इसकी जांच करेंगे और आपत्तिजनक सामग्री हटाने को कदम उठाएंगे।

पीठ ने कहा, हम याचिकाकर्ता को अनुमति देते हैं कि वह याचिका में दी गई सामग्री के अलावा, अगर कोई अन्य सामग्री हो, तो उसे 48 घंटे के भीतर प्रतिवादी संख्या-1 (गृह मंत्रालय) के वकील को सौंप दे, ताकि प्रतिवादी उस पर विचार कर सके और आवश्यक होने पर उचित कार्रवाई कर सके। यह विवाद शाहदरा पुलिस थाने में 23 अक्तूबर को हुई घटना से जुड़ा है, जहां हाथापाई के दौरान वकील ललित बंसल के सिर में गंभीर चोट आई थी।